## तुरंत जारी करने के लिए

**प्रेस नोट : जी/14/2014-15** **दिनांक 14 अक्टूबर 2014**

**मानक "मेक इन इंडिया" की गति बढाते हैं - पासवान**

भारतीय मानक ब्यूरो द्‌वारा आयोजित विश्व मानक दिवस समारोह के अवसर पर "मानक प्रतिस्पर्धा का समान अवसर देते हैं" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में माननीय श्री रामविलास पासवान, उपभोक्ता मामले, सार्वजनीक वितरण मंत्री ने बताया की उद्‌योग द्‌वारा मानकों का अनुपालन भारत सरकार द्‌वारा अभी हाल ही में लांच किए गए **"मेक इन इंडिया"** अभियान के अंतर्गत की गई पहल की सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है।

माननीय मंत्री ने यह भी बताया कि विश्व भर में मानकों को अपनाने से सभी उद्‌यमियों को प्रतिस्पर्धा का समान अवसर उपलब्ध कराना आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो द्‌वारा बनाये गये मानक उन स्तम्भों के रूप में कार्य करना जारी रखेंगे जिन्हें आधार बना कर तकनीकी अंतर को पूरा करके विश्व बाजार में पहूंच सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानक यह सुनिश्चित करने में सहायता करते हैं कि सरकार रेगुलेटर, निर्माता और डिजाइनर आवश्यक उत्पाद और सेवाओं को उपलब्ध कराके हम सभी के जीवन की गुणता के स्तर में सुधार करें। भारतीय मानक ब्यूरो के प्रयासों की सराहना करते हुए माननीय मंत्री महोदय ने अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों, प्रत्येक उपभोक्ता, प्रत्येक राजनेता, चाहे वे छोटे हों या बडे, को भारतीय मानक ब्यूरो के साथ हाथ मिलाकर अपना योगदान देने को कहा ताकि वे मानकीकृत उत्पादों के उपयोग के लिए जागरूकता बढा सकें। उन्होंने कहा कि इससे बाजार को तेजी से बढने में सहायता मिलेगी और विश्व स्तर में भी व्यापार में वृद्धि होगी।

उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव श्री केशव देसीराजू ने अपना विशेष अभिभाषण देते हुए बताया कि सरकार के रेग्युलेशन सभी को एक समान प्रतिस्पर्धा का अवसर देने के लिए समान नियमों का अनुपालन करके किसी के साथ पक्षपात न हो।

उन्होंने कहा कि मानक आज के विश्व की कई चुनौतियों का सामना करने के लिए व्यावहारिक साधन उपलब्ध कराते हैं जो हम सभी के द्‌वारा किए जाने वाले भेजन की निरापदता में सुधार करके, सुरक्षा प्रदान करके, मौसम संबंधी बदलावों की समस्या से निपटने के लिए, ऑटोमोटिव उद्‌योग की कार्यकारिता, स्वास्थ्य सेवाओं, गुणतापूर्ण देखभाल तथा चिकित्सीय रीतियों और उपकरणों में ऊर्जा खपत करके वैश्विक संसाधनों के प्रबंधन के रूप में हो सकते हैं

कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए श्री सुनील सोनी ने बताया कि विश्व व्यापार के अनुरूप मानकों का विकास करके भारतीय मानक ब्यूरो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबद्ध भूमिका का निभा रहा है और साथ ही साथ मानकीकरण के लिए हमारे समाज की अपेक्षाओं को भी ध्यान में रखता है। अपने दायित्यों के प्रति जागरूक भारतीय मानक ब्यूरो यह सुनिश्चित करता है कि मानकीकरण गतिविधियों के परीणाम स्वरूप उत्पादों को डिजाइन करने में सुविधा हो और ऐसी सेवाएं दी जाएं जिनकी पहूंच सभी तक हों। श्री सोनी ने यह भी कहा कि विश्व मानक दिवस की विषयवस्तु वस्तुत: अत्यन्त अर्थपूर्ण है क्योंकि यह मानकीकरण द्वारा घोषित सिद्धांतों और अवधारणाओं का पूरी तरह से समर्थन करती है। मानक व्यापार और व्यवसाय को हमेशा ध्यान में रखते हैं और उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मकता की धार प्राप्त करने में महत्वपूर्ण घटक की भूमिका निभाती है।

इस संगोष्ठी में उद्योग, सरकारी संगठनों और उपभोक्ता संगठनों ने लगभन 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

रेणुका बी.सालवान
निदेशक (जनसंपर्क)
8800094178, pr@bis.org.in


SCOPE
PROMOTING EXCELLENCE
विश्व मानक दिवस
World Standards Day
14 October 2014, New Delhi
Public Sector
लोक उद्यम
FIRE EXIT
ALKA PANDA
विश्व मानक दिवस
World Standards Day
"मानक प्रतिस्पर्धा का
समान अवसर देते हैं"
"Standards Level
the Playing Field"